आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 17.11.2024   समय 1830

मुख्य समाचार :–

- चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट आज रात 9 बजकर 7 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद किये जाएंगे।
- इस वर्ष 45 लाख 50 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन किए।
- चंपावत और उत्तरकाशी में जिला स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ।
- नैनीताल जिले के सभी सरकारी स्कूलों में 12 सदस्यीय महिला प्रेरक समूह का गठन किया जाएगा।

बदरीनाथ कपाट

चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट आज रात 9 बजकर 7 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद किये जाएंगे। इसके साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा का भी समापन हो जाएगा। कपाट बंद होने के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु बदरीनाथ धाम पहुंच चुके हैं। इस अवसर पर मंदिर को कई क्विंटल गेंदे के फूलों से सजाया गया है। इस वर्ष 14 लाख 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ धाम के दर्शन किए हैं। मंदिर के सहायक पुजारी विनय कुमार डिमरी ने बताया कि शाम 8 बजकर 10 मिनट पर शयन आरती होगी तथा इसके बाद कपाट बंद की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।

श्री बदरीनाथ – केदारनाथ मंदिर समिति मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़ ने बताया कि कपाट बंद होने के बाद कल सुबह श्री उद्धव जी और श्री कुबेर जी उत्सव विग्रह आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी के साथ योग बदरी पांडुकेश्वर को प्रस्थान करेंगे।

गौरतलब है कि 10 मई से शुरू हुई चारधाम यात्रा में इस वर्ष 45 लाख 50 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन किए।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विद्यार्थियों से भारत के पुनर्निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। देहरादून में एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि विद्यार्थी जीवन विद्यार्थियों के लिए जीवन का सबसे स्वर्णिम काल होता है। उन्होंने कहा कि विधालय में शुरूआत अगर विशिष्ट ज्ञान और गुणों से होती है तो जीवन बेहत्तर होता है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जब भी वे उत्तराखंड आते हैं, तो उन्हें नई ऊर्जा और प्रेरणा के साथ काम करने की नई दिशा मिलती है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक मोहन भागवत ने पिथौरागढ़ जिले के मुआनी में सरस्वती विद्यालय के नवनिर्मित भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर भागवत ने कहा कि स्कूली शिक्षा उन्हीं के लिए लाभदायक है जो इसका उपयोग करना जानते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को शिक्षा के 'विद्या भारती' एजेंडे को बढ़ावा देना चाहिए क्योंकि यह एक व्यक्ति को न केवल बल्कि पूरे समाज का ध्यान रखने की शिक्षा देती है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि यह 'संस्कार' है और शिक्षा के मूल्य को समझने से समाज को ताकत मिलती है।

टमाटर

टमाटर की कीमत बेहतर आपूर्ति के कारण एक महीने में 22 प्रतिशत से ज्यादा कम हो गई है। टमाटर का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 14 नवंबर को 52 रूपये 35 पैसे प्रति किलोग्राम था जोकि 14 अक्टूबर के 67 रूपये 50 पैसे प्रति किलोग्राम के मूल्य से 22 दशमलव चार प्रतिशत कम है।

केदारनाथ उप चुनाव

केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए 20 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार जोर पकड़ चुका है। सभी राजनीतिक दल केदारनाथ सीट को फतह करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इस बीच सभी राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा के विभिन्न गांवों का दौरा कर प्रचार कर रहे हैं।

पिथौरागढ़ धारचूला बस सेवा

पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय से धारचूला के लिए सीधी रोडवेज बस सेवा शुरू हो गई है। उत्तराखंड परिवहन विभाग के एआरएम रवि शेखर कापड़ी ने बताया कि बस सेवा शुरू होने से नैनीपातल, पलेटा, सतगढ़, कनालीछीना, गुड़ौली, ओगला, अस्कोट, जौलजीबी, बलुवाकोट और धारचूला के लोगों को यात्रा में सुविधा मिलेगी। श्री कापड़ी ने बताया कि बस सुबह सात बजे जिला मुख्यालय पिथौरागढ़ से धारचूला के लिए रवाना होगी। वहीं, दोपहर एक बजे धारचूला से पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय के लिए वापस आएगी।

जिलास्तरीय खेल महाकुंभ

चंपावत जिले के गौरल चौड़ मैदान में आज से जिला स्तरीय खेल महाकुंभ शुरू हो गया है। खेल महाकुंभ का उद्घाटन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से ग्रामीण और स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। जिला युवा कल्याण अधिकारी जसवंत खड़ायत ने बताया कि जिला स्तरीय खेल महाकुंभ में चयनित बच्चों को सरकार की ओर से डीबीटी के माध्यम से नकद पुरस्कार दिया जा रहा है।

चंपावत में खेल महाकुंभ का आयोजन 23 नवंबर तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष से 20 वर्ष आयु वर्ग के 3 हजार 6 सौ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

वहीं, उत्तरकाशी के मनेरा स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल महाकुंभ का उद्घाटन गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल महाकुंभ का उद्देश्य राज्य के दूरदराज क्षेत्रों से प्रतिभाओं को सामने लाना और उन्हें आगे बढ़ाना है। श्री चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के सभी 6 विकास खंडों से तीन हजार से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

महिला प्रेरक समूह गठन

सामुदायिक सहभागिता को परिणामोन्मुखी बनाने के लिए नैनीताल जिले के सभी सरकारी स्कूलों में 12 सदस्यीय महिला प्रेरक समूह का गठन किया जाएगा। इस समूह में विद्यालय प्रबंधन समिति से तीन महिला सदस्य शामिल की जाएंगी, जो अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की माताएं होंगी। इनके अलावा संबंधित ग्राम सभा की महिला मंगल दल की दो सदस्य, निकटवर्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 6 महिला सदस्य

भी समूह में शामिल की जाएंगी। मुख्य शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा नैनीताल पीएल टम्टा ने इस आशय का पत्र जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व उप शिक्षा अधिकारियों को जारी कर दिया है।

दिव्यांगों के डेटा बेस

नैनीताल जिला प्रशासन जिले में निवासरत दिव्यांगजनों का डाटाबेस तैयार कर उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करेगा। इसके लिए जिलाधिकारी वंदना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुनर्वास केंद्र में रिक्त पदों को भरने के लिए जल्द ही अधिसूचना जारी करने पर भी जोर दिया।

लैंसडौन में तिरंगा

लोगों में राष्ट्रीय भावना जागृत करने के उद्देश्य से छावनी परिषद ने लैंसडौन के गांधी चौक पर 54 फीट ऊंचे पोल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। छावनी परिषद के सहायक अभियंता समर विजय सिंह राणा ने बताया कि छावनी परिषद के अध्यक्ष ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी की पहल पर ब्रिटिश काल से चले आ रहे 20 फीट ऊंचे पोल को बदलकर 54 फीट ऊंचाई वाला पोल स्थापित कर उस पर तिरंगा फहराया गया है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस

नैनीताल जिले के हल्दूचौड़ में पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालक छात्रावास का उद्घाटन किया गया। इस दौरान छात्रावास की प्रबंध समिति के अध्यक्ष उपजिलाधिकारी तुषार सैनी ने सभी को शिक्षा में गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत समाज के जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस छात्रावास की स्थापना की गई है।